भारत सरकार

इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश

शिमला दिनांक 26-नवम्बर-2022

हिंदी समिति की बैठक का आयोजन एवं

एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही (01-अक्टूबर-2022 से 31-दिसंबर-2022) के दौरान दिनांक 26-नवम्बर-2022 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

श्री अजय सिंह चैहल उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी

हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को पूर्व में सूचित किया गया था, एवं इसी प्रकार से कार्यालय के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को हिंदी कार्यशाला व हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी पूर्व में सूचित किया गया था।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित समय अनुसार किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल एवं तीन सदस्यों श्री विनोद गर्ग, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में एन.आई.सी. हि.प्र. राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी, एवं यह पाया गया कि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया, जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारिओं व कर्मचारिओं ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में जिला व अन्य कार्यालयों के अधिकारी गण भाग लेते हुए (विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

कार्याशाला के दौरान प्रातः 11 बजे भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ ली गई, जिसे राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने कार्यालय में सभी को ग्रहण करवाया।

हिंदी कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी
भारत के संविधान की उद्देशिका की शपथ लेते हुए

इसके उपरान्त कार्याशाला के दौरान एन.आई.सी. हि.प्र. कार्यालय द्वारा गत छह माह में विकसित की गई चार सॉफ्टवेर प्रणालियों पर चर्चा की, तथा राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने इस सॉफ्टवेर प्रणालियों पर सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इन सॉफ्टवेर प्रणालियों में Mission Recruitment (मिशन रिक्रूटमेंट), Notification as a Service (नोटीफ़िकेशन सेवा), SecureGovIntranet (सुरक्षित सरकारी इंट्रानेट) व Grievance Appellate Committee (शिकायत अपील समिति) सम्मिलित हैं। इसके पश्चात श्री संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ सभी चार सॉफ्टवेर प्रणालियों पर डेमोस्ट्रेशन किया, तथा सभी ने सॉफ्टवेर प्रणालियों के विकास की सराहना की। उक्त चर्चा के दौरान डेमोस्ट्रेशन तथा वार्तालाप पूर्ण रूप से हिंदी में ही किया गया।

इसके उपरान्त हिंदी-बोध मोबाइल एप के माध्यम द्वारा दो प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य, हिंदी व्याकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न थे, तथा प्रत्येक प्रश्नोतरी में 10 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोतरी का संचालन श्री संजय शर्मा ने किया व सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने इसमें भाग लिया। प्रथम प्रश्नोतरी के परिणाम में श्री मंगल सिंह, श्री जितेन्द्र शर्मा व श्री विनोद गर्ग तथा द्वितीय प्रश्नोतरी के परिणाम में श्री संजय कुमार, श्री मंगल सिंह व श्री रवि कृष्ण मीना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। प्रश्नोतरी के दौरान मोबाइल एप में कुछ त्रुतियाँ पाई गई,

जिन्हें आवश्यक चर्चा के पश्चात शीघ्र ही सही किया जाएगा तथा मोबाइल एप का एप्पल (iOS) संस्करण भी 10 दिन में विकसित कर दिया जायेगा।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अधिकारी गण, तथा अन्य कार्यालयों के अधिकारी गण विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के तत्पश्चात हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भी हि.प्र. राज्य केंद्र एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया।

संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथा सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोतरी तथा अन्य व नई गतिविधियाँ जारी रहनी चाहिए, तथा इन गतिविधिओं में सभी को रोचक पूर्ण व निष्ठा भाव से भाग लेना चाहिए।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी महानुभावों ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सशक्त रूप से जारी रखने सम्बन्धी विचार व अनुभव प्रस्तुत किए, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत हुए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया

क्रम सं.	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	क्रम सं.	अधिकारी / कर्मचारी का नाम
1	अजय सिंह चैहल	21	राकेश कुमार
2	ललित कपूर	22	रवि कृष्ण मीना
3	संदीप सूद	23	विनोद गर्ग
4	संजय कुमार	24	संजीव कुमार
5	संजय शर्मा	25	भूपिंदर सिंह
6	विजय कुमार गुप्ता	26	भूपिंदर पाठक
7	शैलेंदर कौशल	27	बलवान सिंह
8	विमल कुमार शर्मा	28	बृजेन्द्र डोगरा
9	संजय कुमार ठाकुर	29	राजीव कुमार
10	दलजीत सिंह राणा	30	पंकज गुप्ता
11	सी.एल. कश्यप	31	दीपक कुमार
12	मंगल सिंह	32	मोहन राकेश
13	मुकेश कुमार	33	अश्वनी कुमार
14	आशीष शर्मा	34	संजीव कुमार कश्यप
15	पृथ्वी राज	35	मोनिका
16	वंदना संख्यान	36	जितेन्द्र शर्मा
17	रामनारायण यादव	37	संदीप कुमार
18	अंकिता मिश्रा	38	हमेन्द्र लाल
19	पूजा मान	39	दीपक कुमार (एम.सी.एच.)
20	शंकर लाल		

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा, एवं सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें कार्यालय में राजभाषा के सम्पूर्ण प्रयोग हेतु अपने अपने विचार रखे एवं अपने अपने अनुभव साँझा किये, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक थे।